Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to develop a bird sanctuary on the land adjoining Ghonga (Kori) dam in Bilaspur Parliamentary Constituency, Chhattisgarh-laid.

श्री अरूण साव (बिलासपुर): मेरे लोक सभा क्षेत्र बिलासपुर (छत्तीसगढ़) के अन्तर्गत विकासखंड- कोटा, जिला' बिलासपुर, छत्तीसगढ़ के ग्राम-परसदा, शिवतराई के समीप घोंघा जलाशय (कोरी बांध) स्थित है । अचानकमार टाईगर रिजर्व से जुड़े इस इलाके में सैंकड़ों की संख्या में दुलर्भ प्रजाति के विदेशी पक्षी दिखाई देते हैं । घोंघा जलाशय के आस-पास घने जंगल हैं । यह क्षेत्र गोल्डन बर्ड, डाटेड डब, ब्लैक स्टार, हुदहुद, ब्लैक व्हाईट, किंगफिशर, ब्लैक डग, ग्रे हार्नविल, जंगली मुर्गा-मुर्गी, उड़न गिलहरी, मयूर, जंगली मैना आदि दुलर्भ प्रजाति के पक्षियों की आरामगाह के रूप में प्रसिद्ध है । इसमें से कई पक्षी तो विलुप्ति के कगार पर है, किन्तु इन दुलर्भ प्रजातियों के परिंदों के संरक्षण के लिए अब तक कोई पहल नहीं की जा सकी है । घोंघा जलाशय (कोरी बांध) से लगी लगभग 20 एकड़ भूमि पर परिंदों की आरामगाह के रूप में "बर्ड सेंचुरी" का निर्माण कराए जाने की आवश्यकता है ।

अत: मैं सरकार से आग्रह करता हूँ कि उक्त घोंघा जलाशय के निकट "बर्ड सेंचुरी" विकसित करने की दिशा में उचित पहल एवं आवश्यक कार्रवाई की जाये ।